भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3510**

उत्तर देने की तारीख 11 अगस्त, 2025
20 श्रावण, 1947 (शक)

# राष्ट्रीय खेल नीति 2025

**3510. श्री सेल्वाराज वी.:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने वर्तमान वर्ष की 1 जुलाई को राष्ट्रीय खेल नीति एनएसपी 2025 की घोषणा की है;

(ख) यदि हाँ, तो एनएसपी 2025 की मुख्य विशेषताएं और उद्देश्य क्या हैं; और

(ग) सरकार द्वारा उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए क्या उपाय प्रस्तावित हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख): जी, हां। सरकार ने हाल ही में दिनांक 01.07.2025 को खेलो भारत नीति-2025 का शुभारंभ किया है। यह पाँच प्रमुख स्तंभों पर आधारित है जिनका उद्देश्य भारत के खेल परिदृश्य को बदलना है। पहला, यह अवसंरचना को बढ़ाकर, प्रतिभा पहचान और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता द्वारा वैश्विक मंच पर राष्ट्र को उत्कृष्टता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करता है। दूसरा, आर्थिक विकास के लिए खेल, पर्यटन, विनिर्माण और खेल प्रौद्योगिकी जैसे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए खेलों का लाभ उठाने पर बल देता है। तीसरा, सामाजिक विकास के लिए खेल, खेलों के माध्यम से समावेशिता, स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देता है और सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है। चौथा, खेल - जन आंदोलन, समुदायों को शारीरिक गतिविधियों में शामिल करने का प्रयास करता है, जिससे खेल एक सांस्कृतिक आधारशिला बन जाते हैं। अंततः, खेलो भारत नीति-2025, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है, जो छात्रों, युवाओं में समग्र विकास और जीवन कौशल को पोषित करने के लिए खेलों को शिक्षा के साथ एकीकृत करती है और शैक्षणिक और खेल दोनों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देती है। इस विशेषता/विजन को साकार करने के लिए, यह नीति कई प्रमुख उद्देश्यों पर केंद्रित है, जो नीचे दिए गए हैं:

(i) जमीनी स्तर से लेकर उच्च स्तर तक सभी भागीदारी समूहों के लिए व्यापक खेल कार्यक्रम स्थापित करना

(ii) विभिन्न स्तरों पर खेल प्रतियोगिताओं और लीगों का आयोजन करना, जिससे एक मजबूत प्रतिस्पर्धी संरचना का निर्माण हो सके।

(iii) खेल और शारीरिक गतिविधि की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शारीरिक साक्षरता पहल को लागू करना

(iv) भावी चैंपियनों को तैयार करने के लिए एक मजबूत प्रतिभा पहचान और विकास प्रणाली विकसित करना

(v) देश भर में खेल अवसंरचना तक समान पहुंच सुनिश्चित करना

(vi) खिलाड़ियों के समग्र विकास के लिए एथलीट-केंद्रित सहायता प्रणाली उपलब्ध कराना।

(vii) प्रदर्शन और कल्याण को बढ़ाने के लिए खेल विज्ञान, चिकित्सा और नवाचार को बढ़ावा देना।

(viii) खेल क्षेत्र में प्रशासन और संस्थागत ढांचे को सुदृढ़ करना।

(ix) खेलों के सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए वित्तपोषण तंत्र में सुधार करना।

(x) खेल-संबंधी उद्योगों और गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देना।

(xi) खेलों के माध्यम से सामाजिक विकास और समावेशन को बढ़ावा देना।

(xii) युवाओं के लिए खेल को एक व्यवहार्य कैरियर विकल्प के रूप में स्थापित करना।

(xiii) स्वस्थ राष्ट्र के लिए खेल और फिटनेस गतिविधियों में व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करना।

(xiv) चैंपियन एथलीटों के साथ-साथ संन्यास ले चुके एथलीटों को पुरस्कृत करने और मान्यता देने के लिए एक मजबूत तंत्र विकसित करना।

(xv) शैक्षिक संस्थानों के लिए एक रूपरेखा और दिशानिर्देश विकसित करना ताकि वे खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए फीडर संस्थान के रूप में कार्य कर सकें।

विस्तृत उद्देश्यों और विशेषताओं के लिए खेलो भारत नीति-2025 का संदर्भ लिया जा सकता है, जिसकी प्रति इस मंत्रालय की वेबसाइट https://yas.nic.in/sites/default/files/Khelo-Bharat-Niti-2025_0.pdf पर पब्लिक डोमेन में आसानी से उपलब्ध है।

(ग) किसी भी नीति का कार्यान्वयन एक सतत प्रक्रिया है। खेलो भारत नीति-2025 के पास इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक रणनीतिक ढांचा है, जिसमें खेल प्रशासन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा; निजी क्षेत्र की सक्रिय सहभागिता; आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स सहित प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना; सुपरिभाषित बेंचमार्क, प्रमुख प्रदर्शन इंडिकेटर्स (केपीआई) और

खेलों के समग्र विकास के लिए समयबद्ध लक्ष्यों के साथ एक राष्ट्रीय ढांचा शामिल है। खेलो भारत नीति-2025 अपने प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक संपूर्ण सरकार और बहु-हितधारक के प्रयासों की परिकल्पना करती है।

इसके अलावा, खेलो भारत नीति-2025 को केंद्र सरकार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के सभी मंत्रालयों/विभागों तक प्रसारित किया गया है, जिसमें उनसे अनुरोध किया गया है कि वे सभी हितधारकों के बीच नीति-2025 का व्यापक प्रचार करें और इसके सही अर्थों में कार्यान्वयन के लिए उचित उपाय करें। राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ), भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), खेल नियंत्रण बोर्डों (एससीबी), कॉरपोरेट्स और प्रतिष्ठित खिलाड़ियों/कोचों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने और प्रमुख खेल प्रशासन और संवर्धन विषयों पर चर्चा करने के लिए खेल विभाग द्वारा हाल ही में एक बैठक आयोजित की गई है।

******